प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

24 मार्च 2023

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड (एसजीबी) योजना के अंतर्गत समय-पूर्व मोचन – 29 मार्च 2023 को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य (एसजीबी 2016-II और एसजीबी 2016-17 शृंखला II)

सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना पर भारत सरकार की दिनांक 4 मार्च 2016 की अधिसूचना एफ़.सं.4(19) - डब्ल्यूएंडएम/2014 (एसजीबी 2016-II- जारी करने की तारीख 29 मार्च 2016) और दिनांक 29 अगस्त 2016 की अधिसूचना एफ़.सं.4(7) - डब्ल्यूएंडएम/2016 (एसजीबी 2016-17 शृंखला II - जारी करने की तारीख 30 सितंबर 2016) के अनुसार, स्वर्ण बॉण्ड के जारी होने की तारीख, जिस तारीख से ब्याज देय है, से पांच वर्ष के बाद उस स्वर्ण बॉण्ड को समय-पूर्व मोचन की अनुमति दी जा सकती है। तद्नुसार, उपरोक्त दो शृंखलाओं के समय-पूर्व मोचन की देय तिथि 29 मार्च 2023 (30 मार्च 2023 को छुट्टी होने के कारण) होगी।

2. इसके अलावा, एसजीबी का मोचन मूल्य, मोचन की तारीख से पहले के सप्ताह (सोमवार-शुक्रवार) के इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (आईबीजेए) द्वारा प्रकाशित 999 शुद्धता वाले सोने के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा। तद्नुसार, 29 मार्च 2023 (30 मार्च 2023 को छुट्टी होने के कारण) को देय समय-पूर्व मोचन के लिए मोचन मूल्य ₹5921/- (पांच हजार नौ सौ इक्कीस रुपए मात्र) प्रति एसजीबी यूनिट होगा, जो 20-24 मार्च 2023 सप्ताह के लिए सोने के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1916